राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने बैठक में दिए निर्देश

पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते पर्यटन विकास पर रहे जोर

माउंट आबू का सभी स्तरों पर हो विकास —राज्यपाल

जयपुर, 23 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि माउंट आबू का सभी स्तरों पर विकास होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को माउंट आबू से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निदान के साथ आम जन की आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में माउंट आबू को विकसित किए जाने पर जोर दिया है।

श्री मिश्र ने सोमवार को राजभवन में जिला प्रशासन के अधिकारियों की अनौपचारिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने माउंट आबू में नाली निर्माण, खुले नालों, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग व्यवस्थाओं और आमजन से जुड़ी अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को दुरस्त करने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

राज्यपाल ने कहा कि माउंट आबू लोकप्रिय पर्वतीय पर्यटन स्थल है, पर्यावरण संरक्षण के साथ यहां पर्यटन प्रोत्साहन की गतिविधियां क्रियान्वित होनी चाहिए। उन्होंने आबू में स्वच्छता के लिए अभियान चलाकर कार्य करने और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने आबू की जैव विविधता को बचाने के साथ ही स्वच्छता को जीवन में आदत के रूप में सम्मिलित करने की भी आमजन से अपील की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने माउंट आबू से जुड़े विकास मुद्दों की चर्चा करते हुए कहा कि आम जन से जुड़े विकास कार्यों की सतत मोनिटरिंग भी की जानी चाहिए। उन्होंने सभी को मिलकर आबू के प्रभावी विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का भी आह्वान किया।

पूर्व में जिला कलेक्टर सिरोही डॉ. भंवर लाल ने राज्यपाल को आबू के विकास सम्बंधित कार्यों के बारे में जानकारी दी। माउण्ट आबू के उपखंड अधिकारी श्री कनिष्क कटारिया ने माउंट आबू से जुड़े प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही श्री धर्मेन्द्र सिंह ने आबू में कानून व्यवस्था के बारे में राज्यपाल श्री मिश्र को अवगत कराया। बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल उपस्थित रहे।

राजभवन माउंट आबू से चलेगा

राज्यपाल ने सोमवार को राजभवन के अधिकारियों की भी विशेष बैठक ली। उन्होंने कहा कि राजभवन से जुड़ा कोई कार्य, फ़ाइल माउंट आबू प्रवास के दौरान बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजभवन से जुड़े कार्यो को आबू से ही प्रभावी रूप में सम्पादित किया जाए। इस सम्बंध में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

प्रस्तावित योजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के दिए निर्देश

उन्होंने अपने प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल से भी विभिन्न राजकीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि माउंट आबू इकोलॉजिकल जॉन है, इसके अनुरूप ही यहां भावी विकास को गति देने की योजनाओं पर कार्य किया जाए। इस सम्बन्ध में उन्होंने प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में भी चर्चा कर उनके समयबद्ध क्रियान्वयन कराए जाने के लिए भी सम्बंधित विभागों को पत्र लिखने, नियमित मोनिटरिंग किए जाने हेतु निर्देश दिए।

———